Title: Need to shift office of General Manager, Raigarh, Telecom Circle from Shantakruz to Pen city Raigarh, Maharashtra.

श्री रामशेठ ठाकुर (कुलाबा) : महाराष्ट्र में स्थित रायगढ़ जिले के टेलीकोम जनरल मैनेजर का कार्यालय रायगढ़ जिले में होने के बजाय यह कार्यालय मुंबई के सांताक्रूज उपनगर में है जिस इलाके का रायगढ़ जिले से कोई भी संबंध नहीं है ।

यह कार्यालय सांताक्रुज मुंबई में होने के कारण सराकर को और रायगढ़ के टेलीफोन धारकों को भी बहुत आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है । जैसे जनरल मैनेजर, डी ई टी, ओ सी, एस डी ए, जे ओ, जे टी ओ, इस ग्रेड के सब अधिकारी मुंबई में स्थित होने के कारण उन्हे २५ प्रतिशत ज्यादा मकान भत्ता देना पड़ता है । जिसके कारण सरकार को प्रतिवर्ष २-३ करोड़ रूपये का ज्यादा खर्च उठाना पड़ता है । यह उच्च श्रेणी के अधिकारी और कर्मचारी नित्य हफ्ते में तीन चार बार रायगढ़ जिले को या रायगढ़ से मुंबई कार्यालय जाते हैं जिसके टी ए/डी ए, के सलाना २-३ करोड़ रूपये तक का अधिक आर्थिक बोझ सरकार को सहन करना पड़ता है । टेलीफोन धारकों के शिकायत निवारण करने के लिए बहुत बार मुंबई जाना पड़ता है और यह शिकायत निवारण तथकाल एक ही बार जाने में कभी नहीं होता, हर शिकायत के लिए बार बार आने जाने में टेलीफोन धारकों को हर साल अतिरिक्त खर्चा सहन करना पड़ता है और शारीरिक कष्ट भी सहन करने पड़ते हैं ।

रायगढ़ टेलीकोम विभाग की रायगढ़ जिले के पेण शहर में जो दस साल पूर्व से बिल्डिंग पूरी करके तैयार है लेकिन यह कार्यालय अब तक रायगढ़ के पेण शहर में नहीं आ सका ।

यह कार्यालय पेण शहर में शिफ्ट किया जाए तो टेलीफोन धारकों का नाजायज खर्च बचाया जा सकता है और अच्छी सेवा भी रायगढ़ जिले के टेलीफोन धारकों को प्रदान की जा सकती है ।

इसलिए मैं सरकार से आग्रह करूंगा कि यह रायगढ़ टेलीकोम जनरल मैनेजर का कार्यालय सांताक्रूज मुंबई से तुरंत ही रायगढ़ पेण शहर में शिफ्ट करें ।